हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री



13 विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए विभिन्न मॉडल



14 नगर में वर्षों से वाटर एटीएम बंद, गर्मी प्रारंभ ...



## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि प्रथम मुख्य परीक्षा 1 से 28 मार्च के मध्य आयोजित हो रही है। मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोनकर को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार–भाटापारा हिमांशु भारतीय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पलारी नपं में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 को

**पलारी।** जनपद पंचायत के



अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन, निर्वाचन अधिसूचना का प्रकाशन तथा प्रथम सम्मिलन के आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किया गया है, इसके अनुसार जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन 4 मार्च को किया जावेगा। इसी तरह जनपद पंचायत पलारी क्षेत्र के 102 ग्राम पंचायतों में उप सरपंच पद का निर्वाचन,12 मार्च को किया जावेगा।

### ग्राम ताला में चाकू से हमला, तीन घायल

**महासमुंद।** ग्राम ताला में एक युवक ने चाकू से हमला कर तीन लोगों को चोट पहुंचाई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कमल बरिहा, उसके दोस्त मनोज बुड़ेक और सूरज बुड़ेक 27 फरवरी को ग्राम ताला के शिव मंदिर में हो रहे कीर्तन को देखने गए थे। इसी दौरान आरोपी हिमांशु भोई आया और उसके साथ विवाद हो गया। जिस पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए कमल, मनोज और सूरज के साथ गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से तीनों को चोट पहुंचाया। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### वोट नहीं देने का आरोप लगाते हुए मारपीट

**महासमुंद।** पंचायत चुनाव में वोट नहीं देने का आरोप लगाते हुए एक महिला के साथ दो महिलाओं ने मारपीट कर दी। मामला राजासेवैया खुर्द का है। पुलिस को प्रार्थिया हिमाद्री पटेल पति स्व. देवनारायण पटेल निवासी वार्ड क्र. 02 राजासेवैयाखुर्द पिथौरा ने बताया कि 25 को बाबा सिकंदर के घर लहरौद घरेलू काम करने गई थी, घर में कोई नहीं थे और वह घर का काम कर रही थी। दोपहर लगभग 2 बजे उसके मोहल्ले की रूखमणि डडसेना एवं बबीता दास आए और कहा कि हमारे प्रत्याशी को वोट नहीं दिया। उसने अपने विवेक से वोट दिया है। इसी बात को लेकर दोनों आरोपियों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने 27 फरवरी को कलमीदादर नाला के पास घोघराखार में शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम डामेश्वर दीवान पिता धनउराम दीवान (27 वर्ष) घोघरा का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से दो जरकीन तथा दो पानी बॉटल में भरी अवैध महुआ शराब (17 ली.) कीमत 3400 रुपए एवं शराब बनाने वाले आला जरा, तथा मोबाइल कुल कीमत 14400 रुपए का सामान जब्त किया है।

# सौर सुजला योजना किसानों के लिए वरदान, सिंचाई में सहुलियत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

आजादी के दशकों बाद भी परंपरागत बिजली से वंचित रहे बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा क्षेत्र के किसानों के लिए छत्तीसगढ़ शासन की सौर सुजला योजना वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साथ के नेतृत्व में क्रेडा विभाग द्वारा अब तक बारनवापारा क्षेत्र में 1222 किसानों के खेतों में सौर सिंचाई पम्प स्थापित किए गए हैं, जिससे अब किसान बिना किसी चिंता के सिंचाई सुविधा का लाभ उठाकर लाभकारी खेती कर रहे हैं। सौर सुजला योजना के तहत बार नावापारा क्षेत्र में 2 हार्स पावर के 3, तीन हार्स पावर के 615 और 5 हार्स पावर के 604 सोलर पम्प स्थापित किए गए हैं। यह योजना उन किसानों के लिए वरदान साबित हुई है, जिनके खेतों तक बिजली नहीं पहुंची थी या जिनके पास सिंचाई के अन्य संसाधन नहीं थे।

तीन हार्स पावर के पम्प के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के किसानों को मात्र 10 हजार रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग के किसानों को 15 हजार रुपये, सामान्य वर्ग के किसानों को 21 हजार रुपये का अंशदान देना होता है, जबकि 5 हार्स पावर के पम्प के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के किसानों को 15 हजार रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग को 20 हजार तथा सामान्य वर्ग के कृषक को 25 हजार रुपये का अंशदान देना होता ▸▸ शेष पेज 13 पर

## वन क्षेत्र बारनवापारा के 1222 किसानों को सोलर पम्प से मिल रही सिंचाई सुविधा



### धान के साथ सब्जियां उगाकर तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त कर रहे किसान

ग्राम डेबी के किसान नित्यानंद बताते हैं कि पहले सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण उनकी सालाना आमदनी मात्र 25 से 30 हजार रुपये थी। लेकिन सोलर पम्प लगने के बाद अब वे धान के साथ सब्जियां जैसे आलू, टमाटर और बरबटी उगाकर तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह, बंशराम चौहान, बसंत कुमार कैवर्त्य, अमरू राम, धनीराम बिंझवार और गौरी बाई दीवान सहित कई अन्य किसानों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले किसान नदी–नालों से डीजल पम्प के जरिए सिंचाई करते थे, जिससे उनकी आय का बड़ा हिस्सा ईंधन पर खर्च हो जाता था। लेकिन सौर सुजला योजना के तहत मात्र 24,800 रुपये में सोलर पम्प मिलने से अब उनकी यह समस्या समाप्त हो गई है। छत्तीसगढ़ शासन किसानों को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर सौर पम्प उपलब्ध करा रही है।

**इस घटना की चपेट में आया बाइक सवार का वाहन भी जीप के अंदर जा घुसा**

# ट्रक की ठोकर से स्कूली जीप क्षतिग्रस्त, तीन बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी-रावन

शुक्रवार को हिरमी–मोहरा मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल जीप को टक्कर मार दी। इस घटना में तीन बच्चे घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्कूल बस के अंदर बच्चों की चीख पुकार मच गई। राहगीरों और नगरवासियों ने किसी तरह बच्चों को बस से बाहर निकाला और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ट्रक जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। इस घटना में बाइक सवार राहगीर भी चपेट में आ गया और उसकी बाइक जीप के अंदर जा घूसी। सुहेला पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के शुक्रवार को लगभग 2.30 बजे अनुसार मोहरा के पास चंगोरी गांव स्थित डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल के लगभग दर्जनभर बच्चे छुट्टी होने के बाद जीप क्रमांक सीजी 07 जेड डी 3567 में वापस घर लौट रहे थे, तभी अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र की ओर से आ रहे उक्त ट्रक क्रमांक सीजी 08 एवी 0029 ने जीप को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे जीप के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और वह अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर जाकर रुकी। इसी दौरान जीप के चपेट में आने से एक बाइक सवार घायल भी हो गया और उसकी मोटरसाइकिल जीप के नीचे जा घुसी। घटना में क्लास 3 की छात्र 11 वर्षीय एलिसा वस्त्रकार गंभीर रूप से घायल हो गई है और उसका पैर फ्रैक्चर हो गया है। वहीं 5–5 वर्षीय पोलिना दास और प्रिंसेस दास को भी चोटें आई है, जिन्हें तिल्दा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





### पालकों ने स्कूल प्रबंधन पर लगाया आरोप

पालकों ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा बच्चों को लाने ले जाने हेतु वाहन शुल्क वसूलने के बावजूद वाहन नहीं भेजा जा रहा है, जबकि वाहन स्कूल में ही खड़ा हुआ है। इस कारण मजबूरी में हमें बच्चों को स्कूल लाने ले जाने हेतु अलग से टैक्सी की व्यवस्था की गई है। लोगों ने कहा कि यदि स्कूल प्रबंधन द्वारा अच्छी कंडीशन की वाहन की व्यवस्था जारी रखी जाती, तो शायद इस प्रकार की घटना से बचा जा सकता था। लोगों ने राहत के साथ लेते हुए कहा कि गनीमत रही कि किसी प्रकार जान माल का नुकसान नहीं हो पाया। सुहेला थाना प्रभारी नरेश दीवान ने बताया कि एक्सीडेंट करने वाले वाहन और उसके चालक दोनों को पुलिस थाना लाया जा चुका है और उनके खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है। बच्चे तिल्दा के एक निजी अस्पताल में भर्ती है और कुशलपूर्वक है। घायल मोटरसाइकिल सवार की पता साजी की जा रही है।

# नव निर्वाचित पार्षदों के विकास कार्यों से ग्रामीण है उत्साहित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पवनी

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत हासिल हुई है। भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में कुलदीपक साहू और 11 पार्षद चुन कर आए हैं। इसके बाद नवनिर्वाचित पार्षदों में गांव के विकास कार्यों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 8 कर्मा माता वार्ड और वार्ड क्रमांक 10 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के वार्ड वासियों को मिलने वाले पानी की पाइपलाइन बीते 1 वर्ष से नीचे दब जाने के कारण पाइप फुट गया था, जिससे वार्ड वासियों को गंदा पानी मिल रहा था, इसकी शिकायत बीते समय वार्डवासियों ने पूर्व में रहे सरपंच और पंचों से की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। अब नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा लोगों को सुविधा मिल सके, इसके लिए पाइप लाइन को उखाड़ कर खराब हुए पाइप को बदलकर नई पाइप लाइन लगायी जा रही है। वार्ड क्रमांक 8 कर्मा माता वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद करन कुमार साहू ने कहा कि नगरीय निकाय निकाय चुनाव के दौरान लोगों के घर–घर पहुंच रहे थे, तब लोगों ने पानी की समस्या से अवगत कराया था, इसके साथ ही पाइप लाइन फूट जाने की भी बात कही थी, जिसे नाली का गंदा पानी उनके घर पहुंच रहा था, तब चुनाव जीतने के बाद तत्काल कार्य करने का वादा किया गया था। शपथ लेने से पहले ही ▸▸ शेष पेज 13 पर

- शपथ ग्रहण से पहले ही समस्याओं का कर रहे हैं समधान

# वर्षों से बीएसएनएल टावर खराब नेटवर्क नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बगबुड़ा

ग्राम बगबुड़ा स्थित बीएसएनएल टावर पिछले एक साल से खराब पड़ा है। इस कारण इससे जुड़े उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परेशानी उपभोक्ताओं ने इस संबंध में कई बार बीएसएनएल अधिकारियों को सूचित किया, लेकिन उन्होंने आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। ज्ञात रहे कि बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम दतान क्षेत्र में बीएसएनएल के सैकड़ों उपभोक्ता हैं। टावर खराब होने के कारण उन्हें बेहतर नेटवर्क नहीं मिल पा रहा, जिसके कारण उनके रिचार्ज की वैल्यू नहीं मिल पा रही। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग ने टावर लगाकर इतिश्री कर ली। विभागीय जिम्मेदारों द्वारा इसकी देखरेख नहीं किए ▸▸ शेष पेज 13 पर



# चार नाबालिगों का आतंक, मूवी देखने गए वकील को जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

यहां के सिटी सेंटर माल में मूवी देखने गए एक वकील को नगर के चार नाबालिगों ने बुरी तरह पीट दिया। घटना स्थल से गुजर रहे लोग विवाद देखते रहे लेकिन किसी ने नाबालिगों को रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई। फिलहाल थाना तक नहीं पहुंचा है।पीड़ित युवक पेशे से वकील है और बुधवार शाम 6 से 9 बजे का मूवी शो देखने के लिए सिटी सेंटर मॉल गया था। मूवी के दौरान उसकी कुछ नाबालिगों से कहासुनी हो गई। मामला इतना तूल पकड़ता गया कि जब फिल्म खत्म हुई और युवक थिएटर से बाहर आया, तो चारों नाबालिगों ने उसे घेर लिया और ग्राउंड फ्लोर पर जमकर मारपीट शुरू कर दी। चारों नाबालिगों ने युवक पर ताबड़तोड़ लात-घूंसे चलाए। इतना ही नहीं बेल्ट से भी उसे बेरहमी से पीटा। मॉल में यह घटना देख अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोग हैरान रह गए, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं दिखायी।

- घटना देखते रहे लोग, लेकिन किसी ने विवाद रोकने हिम्मत नहीं जुटाई

# जिले के 119 परीक्षा केंद्र में आज से हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 1 मार्च से व हाई स्कूल परीक्षा 3 मार्च से शुरू हो रही है। हाई स्कूल परीक्षा में 17347 एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में 11354 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिले में 119 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में परीक्षार्थियों द्वारा गलत साधनों के उपयोग पर अंकुश लगाने, निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं परीक्षा का सफल आयोजन हेतु जिला, अनुविभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय कुर्रे, साक्षर भारत कार्यक्रम आर.सोमेश्वर राव, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, सीएसआर आशा शुक्ला, नायब तहसीलदार निशा वर्मा, सहायक संचालक बीआर पटेल, केके गुप्ता व्याख्याता एलबी राधा ध्रुव एवं शिक्षक एलबी गीतांजलि ठाकुर शामिल हैं। अनुभाग स्तरीय दल में तहसीलदार सहित 5 सदस्य एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित 5 सदस्य शामिल हैं।

- जिला एवं अनुभाग स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित

**खुले आसमा में पड़े धान में सुखत आने की संभवना बढ़ी, समिति प्रबंधक चितिंत**

# खरीदी बंद के माहभर बाद भी नहीं हो रहा धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंडा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बंद हुए एक माह हो गए हैं, किंतु विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव समय पर नहीं होने के चलते सोसाइटियों में रखे धान में सुखत आना शुरू हो गया हैं। वहीं खुले आसमान के नीचे धान के पड़े रहने से धान की बोरियों को चूहे कुतरने लगे हैं, जिससे सारा धान बाहर निकलकर खराब हो रही हैं। 3 माह से टीओ कट गया हैं, उसके बावजूद धान का उठाव नहीं कर रहे हैं।

वहीं समय पर धान का उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधकों एवं सदस्यों के माथे पर चिंता मडरा रही है। पिछले वर्ष उपार्जन केंद्रों में आई सुखत की समस्या से कर्मचारियों, समिति प्रबंधकों को परेशान होना पड़ा था। यदि शीघ्र ही समय रहते धान परिवहन में तेजी नहीं आई तो सोसाइटियों में सुखत से नुकसान की संभावना बढ़ने के आसार है।



ऐसे ही हाल प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र लच्छनपुर में देखने को मिल रहा है।

इस उपार्जन केंद्र में लच्छनपुर, ठेलकी, धौराभाठा, गबौद एवं गदहीडीह सहित 1033 किसानों से 52449 क्विंटल की धान खरीदी की गई थी। इसमें से 25266 क्विंटल मिल ने एवं 20572 क्विंटल संग्रहण केंद्र ने परिवहन कर लिया है। वहीं वर्तमान की स्थिति में उक्त उपार्जन केंद्र में अभी 16156 धान का कट्टा यानी 6000 क्विंटल से भी अधिक की धान खुले आसमान के नीचे पड़े हुए हैं। उपार्जन केंद्र में पड़े 16 हजार धान कट्टा में से 11 हजार कट्टा सग्रहण केंद्र को एवं 5 हजार कट्टा मिल को परिवहन किया जाना है।

### 3 माह से कट गया है टीओ बावजूद धान का उठाव नहीं हो रहा

वहीं पिछले तीन माह से टी ओ कट जाने के बावजूद संग्रहण केंद्र तिल्दा द्वारा धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। समिति प्रबंधक द्वारा पूछे जाने पर आजकल कहते हुए पिछले 3 माह से धान का उठाव नहीं कर रहे हैं, इसी तरह का हाल मिल्क है, जो पिछले एक सप्ताह से धान का परिवहन नहीं कर रहे हैं। धान का परिवहन नहीं होने से गर्मी के दिनों में खुले आसमान के नीचे पड़े रहने से धान में सुखत आना स्वाभाविक है। हमारे इस प्रतिनिधि ने उक्त उपार्जन केंद्र की वास्तविक जानकारी ली, तो धान की कई बोरियों को चूहे कुतर दिए हैं। धान की बोरियों को चूहे के कुतरे जाने से धान बाहर निकल गए। वहीं खराब भी हो रहे हैं। ऐसे में समिति प्रबंधक काफी परेशान एवं चिंतित हैं। समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों ने उक्त उपार्जन केंद्र से धान परिवहन में तेजी लाने की मांग की है। इस संबंध में समिति प्रबंधक नरेंद्र यदु ने बताया कि तिल्दा-नेवरा के संग्रहण केंद्र का पिछले 3 माह से टीओ कट गया हैं, उसके बावजूद धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। फोन लगाने पर गोल–गोल जवाब दे रहे हैं।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दंपत्ति घायल

**महासमुंद।** बाइक से सरायपाली जा रहे एक दंपत्ति कार की टक्कर से घायल हो गए। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुरलीधर साहू निवासी लमकेनी 8 फरवरी को अपनी पत्नी राजकुमारी साहू का इलाज कराने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएल 6128 से सरायपाली अस्पताल जाने के लिए निकला था। करीब 11 बजे ग्राम तोषगांव से अंतरला जाने के मार्ग में पोल्ट्री फार्म के पास पहुंचने पर पीछे की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी 04 जेसी 1671 के चालक अक्षय यादव निवासी ग्राम नवागांव थाना बसना ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दंपत्ति मोटर सायकल सहित गिर गए। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**पाठक सूचना**
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित पार्षद अमर और सचिन का किया सम्मान

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने गुरुवार को स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद अमर गिदवानी और अरविंद दीक्षित वार्ड के पार्षद सचिन मेघानी का सम्मान किया और दोनों पार्षदों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। दोनों पार्षदों द्वारा शपथ लेने के बाद उनके स्वागत में कार्यक्रम रखा गया। इसी दौरान सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने दोनों पार्षदों का स्वागत किया और कहा, वार्ड की सेवा दोनों अच्छी तरह से करें, ऐसी कामना करते हैं। स्वागत करने वालों में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, धनेश मटलानी, संदीप मेघानी, मनीष थारानी, ईश्वर नाग आदि उपस्थित थे।

### भारतीय पेंशनर मंच का अधिवेशन 2 को

**रायपुर।** भारतीय पेंशनर्स मंच का प्रांत स्तरीय प्रथम अधिवेशन 2 मार्च को महाराष्ट्र मंडल भवन चौबे कालोनी आयोजित है। प्रातः 11 बजे से अधिवेशन की शुरुआत होगी। रायपुर में आयोजित इस प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता वी.एस यादव, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पेंशनर्स मंच करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र नामदेव और भारतीय पेंशनर्स मंच के राष्ट्रीय मंत्री सतीशचन्द्र राय की उपस्थिति रहेगी।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सीएम साय ने दीं शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल तकनीकी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में तर्कसंगत और परिष्कृत सोच विकसित करने का आधार भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नोबेल पुरस्कार विजेता महान भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटरमण का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी खोज 'रमन प्रभाव' ने विज्ञान की दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### भूपेश ने दिल्ली में संभाला कांग्रेस महासचिव का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब का प्रभारी बनाए जाने के बाद दिल्ली में एआईसीसी दफ्तर पहुंचकर कामकाज संभाल लिया है। कोटला मार्ग, नई दिल्ली में नवनिर्मित कांग्रेस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर उनका कार्यालय स्थित है। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने उनसे मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता के तौर पर भूपेश ही एक मात्र नेता हैं, जिन्हें कमान दी गई है।

### 1 मार्च को इंड्रस्टीज डायलाग

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित मेफयर लेक रिसार्ट में 1 मार्च को इंड्रस्टीज डायलाग कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में वाणिज्य उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन भी शामिल होंगे। बताया गया है कि वाणिज्य एवं उद्योग सचिव रजत कुमार कार्यक्रम में संबोधन की शुरुआत करेंगे। बताया गया है कि इस कार्यक्रम के स्वरूप में कुछ बदलाव भी किया गया है। अब सरकार उद्योगपतियों को ऑफर लेटर देगी।

### बोरवेल खनन के लिए रीटेंडर

**रायपुर।** नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी के सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 50 स्थानों पर बोरवेल खनन मांग के आधार पर कराया जायेगा। इसके लिए एजेंसी तय करने टेंडर किया गया। जिसमें सिंगल टेंडर आने से रीटेंडर किया जा रहा है।विभाग के अधिकारी ने बताया कि बोरवेल खनन के लिए नगर निगम के 10 जोनों के 70 वार्ड से प्रभावित इलाकों की सूची मंगाई गई थी।

# इस गर्मी में भी संकटग्रस्त इलाकों की प्यास बुझाएंगे टैंकर, प्रति ट्रिप का किराया 490 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर नगर निगम शहर के जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में 15 मार्च से किराये के टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझायेगा। 490 रुपये प्रति ट्रिप की दर से नगर निगम अनुबंधित ठेकेदार को पानी टैंकर का किराया भुगतान करेगा। यह किराया पिछले साल की तुलना में 40 रुपये ज्यादा है। पिछली गर्मी में 450 रुपये प्रति ट्रिप के के हिसाब से पानी टैंकर का किराया भुगतान करना पड़ा था। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, गर्मी के समय जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 30 से 35 किराये के टैंकर की जरूरत पड़ेगी। रायपुर शहर इस बार भी टैंकर मुक्त नहीं हो सका है। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी में पेयजल संकट से निपटने किराये के टैंकर चलवाने टेंडर किया, जिसमें 6 ठेकेदारों ने निविदा भरी। इस निविदा में सबसे कम दर 490 रुपये प्रति ट्रिप कोड किया है।

## पिछले साल की तुलना में किराए के टैंकर की दर 40 रुपए ज्यादा

### 50 लाख रुपए किराए के टैंकर पर होंगे खर्च

जल विभाग ने इस गर्मी सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की प्यास बुझाने 50 लाख रुपये का का टेंडर ट्रिप के आधार पर किया है। विडंबना ये है अमृत मिशन योजना के तहत करीबन 1 लाख 75 हजार घरों में नई पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ रुपये शहर के 15 चयनित वार्डों के 20 हजार घरों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना का लाभ इस बार गर्मी के समय लोगों को मिल पायेगा या नहीं, यह स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, जबकि शहर की सबसे बड़ी मोतीबाग पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन देने का काम पूरा हो गया है।



### जल विभाग की बैठक आज पेयजल स्थिति की होगी समीक्षा

नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के दस जोन के 70 वार्डों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति को लेकर गांधी सदन में शाम 4 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में नगरनिगमजल विभाग के अधिकारियों के अलावा दस जोन के विभागीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों की जोनवार जानकारी लेकर प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर की डिमांड का ब्योरा मंगाया जायेगा।

### 40 रुपए प्रति ट्रिप दर ज्यादा

नगर निगम द्वारा गर्मी के दिन में पेयजल संकट की स्थिति से निपटने मार्च माह में किराये के टैंकर के लिए निविदा की गई। इस बार ज्यादातर ठेकेदारों ने पिछले बार के किराये के टैंकर की प्रति ट्रिप दर से ज्यादा रेट कोड किया। जल विभाग ने किराये के टैंकर के लिए 490 रुपये प्रति ट्रिप दर तय की है। जो कि पिछले बार की दर से 40 रुपए ज्यादा है।

## शुरू होने वाली है बोर्ड परीक्षाएं बावजूद ऐसे कारोबारियों पर पुलिस का नियंत्रण नहीं

# कोलाहल प्रतिबंधित आदेश को ठेंगा तेज आवाज में बजे रहे लाउडस्पीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने स्कूल कालेज के विद्यार्थियों की परीक्षा के मद्देनजर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी को नियंत्रण करने के लिए कोलाहल प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। इसके बावजूद भी गांव की गलियों में कुछ न कुछ उत्सव की आड़ में बड़ा बड़ा लाउडस्पीकर से ऊंची आवाज में बाजे और गाने बजाए जा रहे हैं। इस पर पुलिस विभाग का नियंत्रण नहीं है। इन तेज आवाज के गानों के बीच परीक्षार्थी अध्ययन करने मजबूर हैं। किसी को कम आवाज में गाने बजाने को मना करने पर विवाद हो जाता है। कारण से कोई इस पर बात करना जरूरी नहीं समझते। चुनाव के समय सबको पता है कि कितनी तेज आवाज से प्रत्याशी डीजे की धुन में प्रचार प्रसार कर रहे थे। इस बीच बोर्ड परीक्षाएं चालू थी। अब चुनाव थमा है तो गांव में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जहां तेज आवाज में गाने बजाए जा रहे हैं। वहीं 3 मार्च से शादी का लगन शुरू हो रहा है, जहां कईयों शादी होगी। इन विवाह कार्यक्रम में फिर से डीजे बजाया जाएगा, इससे फिर बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होगा। इसके बाद होली उत्सव आ रहा है।

जिला प्रशासन ने यह प्रतिबंध आगामी आदेश पर्यंत तक सम्पूर्ण सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में प्रभावशील का आदेश जारी किया है, लेकिन उनके आदेश को कौन मान रहा है। कलेक्टर के आदेशानुसार आगामी 26 फरवरी से 31 मार्च तक रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त कर धीमी गति से ध्वनि विस्तारक यंत्रें का प्रयोग किया जा सकता है, किन्तु सक्षम अधिकारी इस प्रकार की अनुमति देने के पूर्व क्षेत्र की विशेष परिस्थितियों, जन सुविधा एवं लोक शांति आदि का पूर्ण परीक्षण करके तथा अपने विवेक का समुचित प्रयोग करके ही लिखित अनुमति देंगे। आवश्यक परिस्थितियों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के लिए अनुमति एसडीएम, तहसीलदार राजस्व सक्षम अधिकारी द्वारा और जहां मुख्यालय न हों वहां ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित थाना प्रभारी की लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रशासन से बिना अनुमति के आज भी चारों ओर लाउडस्पीकर बजाया जा रहा है।



### आगामी आदेश पर्यन्त के लिए लगाया गया है प्रतिबंध

परीक्षार्थियों के अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न न हो, इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 (2) एवं धारा 10 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू सारंगढ़–बिलाईगढ़ एतद् द्वारा संपूर्ण सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में 26 फरवरी से 31 मई तक की अवधि में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर अधिनियम की धारा 2 क, ख, ग के अंतर्गत परिभाषित कोलाहल एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर आगामी आदेश पर्यन्त के लिए प्रतिबंध किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन पर अधिनियम की धारा 15 के अधीन दण्डनीय होगा। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 घ की शक्तियों को प्रयोग करते हुए संबंधित पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संकट मोचन परिवार शोकाकुल परिवारों की मदद करने में जुटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

संकट मोचन परिवार एक ऐसा समूह है, जो व्हाट्सएप के माध्यम से संगठित होकर जरूरतमंदों की सहायता करता है। यह समूह गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता प्रदान करता है, समूह के सदस्य नियमित रूप से धन एकत्रित करते हैं और इसे उन लोगों तक पहुंचाते हैं, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है। इस प्रकार के प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलती है और जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता प्राप्त होती है। इनके संचालक एवं एडमिन संचालक आशीष वर्मा युवाओं का संकट मोचन परिवार है, जो कि एक नई सोच को लेकर समाज सेवा का काम शुरू किया है। संचालक आशीष वर्मा का कहना है कि हम सब युवा साथी अपने खर्चे में से कुछ पैसे बचा कर कोई जरूरतमंद की मदद करें तो किसी गरीब परिवारों का मदद हो सकते हैं। इसके अलावा घरों में शौक के अवसर पर गरीब परिवार की बेटी शादी में शिक्षा के क्षेत्र में असमर्थ बच्चों को मदद की जायेगी। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में व्हाट्सएप के माध्यम से ग्रुप बनाकर चंद रुपए इकट्ठा कर सोकर कोई परिवार का मदद की गई। उन्होंने इसी तरह मदद करने की बात करते हुए अपने ग्रुप संकट मोचन परिवार में जुड़ने की अपील लोगों से की। उनका कहना है कि इस ग्रुप में जुड़कर कुछ रुपए सुविधा अनुसार दान कर अपने पुण्य के क्षेत्र में भागी बने हैं और गरीब परिवार बेसहाय लोगों की मदद करें। संचालक आशीष वर्मा, रवि ध्रुव, पप्पू ध्रुव, इंद्र जीत ध्रुव, सूरज यदु, दुर्गेश यदु, सेवक चौधरी, मनीष, कल्याण निर्मलकर लाला विश्कर्मा, नरेंद्र यदु उपस्थित रहे।

# विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए विभिन्न मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ विज्ञान प्रश्नोत्तरी भी हुई, छात्रों ने लिया हिस्सा

पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विज्ञान के चमत्कारों को समझने और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी, मॉडल प्रस्तुति, पोस्टर निर्माण और विज्ञान प्रश्नोत्तरी में बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार टण्डन और मुख्य अतिथि राजकुमार जांगड़े एवं धनीराम बंजारे नव निर्वाचित सरपंच द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की खोज पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासु बनने की प्रेरणा दी।

विज्ञान प्रदर्शनी में सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों पर छात्र–छात्राओं ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा तैयार किया गया सौर ऊर्जा से चलने वाला स्मार्ट होम मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली पर आधारित एक प्रोजेक्ट ने भी खूब सराहना बटोरी। विज्ञान शिक्षक त्रिलोक हरिप्रिय ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को दर्शाने वाले कुछ रोमांचक प्रयोग प्रस्तुत किए, जिससे छात्र चकित रह गए। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रधानाध्यापक ने छात्रों को विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन ने छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और खोजी प्रवृत्ति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विज्ञान दिवस का यह उत्सव न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि प्रेरणा दायक भी रहा, जो भविष्य में कई नए वैज्ञानिक प्रतिभाओं के उभरने का संकेत देता है।



### शहीद और मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति

**रायपुर।** नक्सल हमले में शहीद तथा बीमारी की वजह से मृत होने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति का प्रमाणपत्र सौंपा है। नियुक्ति पाने वालों में बीजापुर नक्सली हमले में शहीद भरतलाल साहू की पत्नी नंदेश्वरी साहू को एएसआई, रायपुर में पदस्थ एएसआई कैलाशनाथ शांडिल्य की बीमारी से मौत होने पर उनकी बेटी नेहा शांडिल्य को आरक्षक, एमटी पूल में प्रधान आरक्षक (चालक) अजय कुमार सोनी की बीमारी से मौत होने पर उनके बेटे मयंक को आरक्षक तथा आरक्षक मुकेश भंडारी की बीमारी से मौत होने पर उनकी पत्नी गंगोत्री को आरक्षक के पद पर नियुक्तिपत्र दिया गया है।

## शिव मंदिर से दानपेटी चोरी

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र में पार्षद के घर के पीछे स्थित शिव मंदिर से शिवरात्रि पर्व की रात दानपेटी की चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बागबाहरा पुलिस को वार्ड 3 के पार्षद और प्रार्थी कुलेश देवागंन पिता रामप्रसाद देवांगन ने बताया कि उसने अपने घर के पीछे शिव मंदिर का निर्माण किया है, जिसमें मोहल्ले के लोग पूजा पाठ करने आते जाते हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि का पर्व था और दिन भर मंदिर खुला था। दर्शनार्थी पूजा अर्चना करने दिन भर आते रहे। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि रात्रि करीबन 11 बजे मंदिर को बंद कर ताला लगाकर अपने घर चला गया। 27 फरवरी को सुबह 6 बजे पूजा करने गया तो देखा कि मंदिर के सामने दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि मंदिर में रखा दान पेटी नहीं था। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा मंदिर में प्रवेश कर दानपेटी (स्टील का) कीमत करीबन 10000 रुपए एवं दान पेटी में रखे करीबन 1250 रुपए कुल 11250 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।


आज पंचम पुण्यतिथि

हे ममता की मूरत तेरी, यादो के दीपक जलते है,
तेरी करूणा, दया कृपा के सुरभित सुमन सदा खिलते है।
हर पल रहती याद हृदय में अश्रुभरी सब आंखे नम है,
श्रद्धा सुमन समर्पित सादर, अवरूद्ध कंठ और बोझिल मन है।।

अवतरण 04 मार्च 1950



स्वर्गारोहण 01 मार्च 2020

स्व. श्रीमती श्याम बाई श्रीवास
हम सब आपको अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है...
श्रद्धावनत् - श्रीमती सरिता श्रीवास-सुरेश श्रीवास
श्रीमती मिथिला श्रीवास-रूपेश श्रीवास, सुश्री खगेश्वरी श्रीवास
श्रीमती दीक्षा श्रीवास-संदीप श्रीवास, मुस्कान श्रीवास-किशन श्रीवास
प्रतीक श्रीवास, प्रगति श्रीवास, प्रकृति श्रीवास, समीक्षा श्रीवास एवं
समस्त श्रीवास परिवार पवनी, सक्ती, बुंदेली, रनपोटा, मरघटी, डभरा
सौजन्य : श्रीवास मीडिया ग्रुप एवं श्री मेघश्याम फाउण्डेशन पवनी


# बजट में कर्मचारियों को 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ एलबी संवर्ग के शिक्षकों को भी क्रमोन्नति-समयमान वेतनमान की अपेक्षा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार के आगामी बजट में एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पेंशन हेतु पूर्व सेवा की गणना करने व उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के डबल बेंच के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति की अपेक्षा रहेगी। छत्तीसगढ़ के बजट में सरकार से मोदीजी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत-समयमान वेतनमान प्रदान करने, शिक्षक समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन प्रदान करने 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किए जाने सहित उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति-समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश जारी किए जाने की अपेक्षा रहेगी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, सुधीर प्रधान, मनोज सनाढ्य, शैलेन्द्र पारीक, गुरूदेव राठौर, सपना दुबे, बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, तोमर डोंडे, खेलावन घृतलहरे, दीपक सारंग, मंतराम सागर, महेंद्र वैष्णव, चुड़ामणी साहू, बुद्धेश्वर ध्रुव, महेंद्र साहू आदि ने कहा है कि शिक्षक व कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि के महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ व सीजीपीएफ खाता में किए जाने की उम्मीद किए हैं।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ट्रैक्टर पलटने से चालक की उसमें दबने से मौत हो गई। घटना सांकरा थाना अंतर्गत झगरेनडीह रोड ग्राम बिजेमाल पुलिया के पास की है। मृतक के चाचा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी नवीन साहू पिता भीम साहू (45 साल) श्रीरामपुर को 27 फरवरी को मोबाईल से सूचना मिली थी कि उसके भतीजे अजेश साहू की झगरेनडीह रोड ग्राम बिजेमाल पुलिया के पास ट्रैक्टर पलटने मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर प्रार्थी ने मौके पर जाकर देखा तो उसका भतीजा अजेश साहू रोड किनारे खेत में ट्रैक्टर में दबा हुआ था, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। उसने बताया कि अजेश साहू ग्राम भानपुर के किसी व्यक्ति के ट्रैक्टर से जोंक नदी से रेत लाकर आसपास के गांव में देता था और रेत लाने ग्राम भानपुर जा रहा था। इसी दौरान लाल रंग का बिना नंबर का ट्रैक्टर रोड किनारे खेत में पलट गया, जिसमें दबने से अजेश की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सुंदरनगर वृद्धाश्रम में मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन ने सुंदरनगर स्थित प्रशामक देखरेख गृह वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के साथ महाशिवरात्रि महापर्व मनाया। इस मौके पर संस्थान के राजेंद्र ओझा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों के लिए मच्छरदानी प्रदान की गई। 'आश्रय लायंस वृद्धाश्रम' से आए प्रतिनिधि निरंजन एवं रामकृष्ण शर्मा को बेडशीट एवं पिलो कवर प्रदान किए। इसी दौरान हृषीक ओझा ने विवाह की वर्षगांठ पर फल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में घनश्याम सराठे, कमलेश शर्मा, आईएसबीवी. श्रीनिवास राव, राजेंद्र जैन, संभव जैन, डॉ. मृणालिका ओझा, मुकेश शाह, रोशन बहादुर, भीम, नितिन जैन आदि उपस्थित थे।


HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मना

**रायपुर।** राजीवनगर कलोनी के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समिति के संचालक रोहित सिंघानिया एवं मोहित सिंघानिया तथा मंदिर के पुजारी के मार्ग दर्शन में रूद्रीपाठ व जल-दुग्ध महाभिषेक संपन्न हुए, पश्चात भगवान शिवजी को भोग लगाया गया। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पार्षद साधना प्रमोद साहू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कन्हैया अग्रवाल तथा राजकुमार राठी, अनूप अग्रवाल, अश्विनी बक्शी, नवरतन माहेश्वरी आदि अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सिंघानिया परिवार एवं कालोनीवासी द्वारा श्री शिवजी की विशेष मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होते रहे। छप्पन भोग लगाकर शिवजी का महाआरती किया गया एवं भंडारे का आयोजन हुआ।

### राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ, हॉस्पिटल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित पार्षदों ने फाइलेरिया की खिलाई दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को शहीद संतराम साहू स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में बच्चों, विद्यार्थियों सहित आमजनों को नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नागेश्वर साहू सहित पार्षदों द्वारा दवा का सेवन करवाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

उल्लेखनीय है कि देश मे फायलेरिया बीमारी के संपर्क में आने पर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के निदान के लिए स्वास्थ्य विभाग बैनर पोस्टर और जागरुकता अभियान चलाकर उक्त बीमारी के रोकथाम हेतु दवा खिला रहा है। नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने आमजनों से अपील की है कि स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, मितानिन की टीम ज़ब आपके घर आये तो दवा का सेवन जरूर करें ताकि हमारा प्रदेश एवं नगर फायलेरिया मुक्त हो। इसके अलावा पार्षद सुदीप नवदीप मानिकपुरी, भानु प्रताप साहू, पुणेश्वर मिश्रा, नीरज साहू, भगवती साहू, अजय साहू, दशरथ पैकरा और







हॉस्पिटल प्रमुख डॉ रविशंकर अजगले ने नगर के लोगों से आवाहन किया कि उक्त गंभीर बीमारी से बचाव के लिए तत्काल दवाई लेना आवश्यक है। साथ ही प्रत्येक वर्ग को इसका सेवन साल में एक बार जरूर करना चाहिए। गौरतलब है कि कार्यक्रम के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी कर आवश्यक दिशा निर्देश बीएमओ डॉ रविशंकर अजगले को दिया गया। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि आगामी गर्मी को देखते हुए वार्डों में कूलर और एग्जॉस्ट फैन की व्यवस्था के साथ साफ सफाई की व्यवस्था प्राथमिकता के साथ की जाए। इमरजेंसी पर डॉक्टर हमेशा उपलब्ध रहें साथ ही नदारत रहने वाले लोगों के खिलाफ भी बीएमओ को कार्रवाई करने के लिए कहा गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बीजेपी मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद सुदीप मानिकपुरी, पार्षद भानु प्रताप साहू, पुणेश्वरनाथ मिश्र, नीरज साहू, भगवती साहू, दशरथ पैकरा, अजय साहू सहित बीएमओ डॉ रविशंकर अजगळे मौजूद रहे।

### डीएवी के छात्रों का हुआ स्वास्थ्य चेकअप और दी गई फाइलेरिया की दवाई



**गोपालपुर।** डीएवी खम्हरिया बिलाईगढ़ में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, शारीरिक व मानसिक तंदुरुस्ती, फाइलेरिया से जागरूकता व बचाव के लिए अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने 27 व 28 फरवरी को बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप किया। डॉक्टरों ने कहा स्वच्छता का ध्यान रखना कोई बोझ नहीं बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी है, स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन का द्वारा होता है तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता हमारा कर्तव्य है। डीएवी खम्हरिया में छात्रों के बेहतर स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाता है। स्वास्थ्य जागरूकता के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रभारी संस्था प्रमुख संदीप पटेल व गोपालपुर के अनुभवी डाक्टरों की टीम की सहायता से लगभग 300 से भी अधिक छात्रों का स्वास्थ्य चेकअप किया गया तथा फाइलेरिया की दवाई वितरित की गई। विद्यार्थियों को फाइलेरिया से जागरूक किया गया। अनुभवी डॉक्टरों की टीम में आयुष्मान आरोग्यम गोपालपुर से महिला आरएचओ शारदा साहू तथा मनीष साहू ने स्वास्थ्य जागरूकता हेतु विद्यार्थियों को सुझाव दिए।

# अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर लगेगा अंकुश की जाएगी कड़ी निगरानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मादक द्रव्यों के अवैध भण्डारण एवं बिक्री पर रोकथाम से सम्बंधित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोकथाम के लिए अवकारी, राजस्व एवं पुलिस की टीम को कड़ी निगरानी रखने तथा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही सड़क किनारे के ढाबा संचालकों की बैठक लेकर सीसीटीवी की स्थिति की समीक्षा एवं अतिक्रमण पर कार्रवाई करने सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया।

- कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक
- कार्रवाई के लिए ढाबा संचालकों की बैठक लेंगे अधिकारी

कलेक्टर सोनी ने कहा कि नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाई वे किनारे बिना अनुमति के संचालित, अवैध शारब बिक्री एवं शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करने वाले ढाबों की जांच के लिए राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम गठित करें और सूची तैयार करें। बिना अनुमति के ढाबा संचालन नहीं होने देना है। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए हॉट– स्पॉट चिन्हित करते हुए उन क्षेत्रों में विशेष कार्रवाई अभियान चलाने आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सूचना तंत्र मजबूत करने मैदानी अमलों को सक्रिय करने के लिए कोटवार, पटेल, मितानिन ट्रेनर, भारतमाता वाहिनी के सदस्यों को सक्रिय करने कहा। इसके साथ ही नशे के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों एवं सिविल सोसाइटी की सहभागिता सुनिश्चित कराने कहा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह सहित सभी एसडीएम एवं सम्बंधित विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला पंचायत का सम्मिलन 7 मार्च को

**धमतरी।** कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी नम्रता गांधी की उपस्थिति में 7 मार्च को जिला पंचायत का सम्मिलन होगा। सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मिलन में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 32 के अधीन जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन होगा।

## पेज 11 के शेष

### सौर सुजला योजना...


है। बलौदाबाजार जिले में अब तक 5198 सौर पम्प लगाए जा चुके हैं। सौर सुजला योजना का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और क्रेडा विभाग के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सिंचाई के लिए नदी, नाले, कुएं और नलकूप प्राथमिकता पर चिन्हांकित किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ शासन की यह योजना किसानों के लिए कम लागत में सिंचाई की बेहतर और स्थायी व्यवस्था है।

### नव निर्वाचित ...

यह कार्य हो रहा है, जिससे वार्ड वासियों में भी खुशी का माहौल है। करन कुमार साहू ने कहा कि नगर पंचायत पवनी के मतदाताओं ने ट्रिपल इंजन के रूप में कुलदीपक साहू को अध्यक्ष बना कर विकास कार्य करने का मौका दी है। नगर पंचायत के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आएगा। मौके पर वार्ड क्रमांक 10 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नवनिर्वाचित पार्षद प्रतिनिधि लोकनाथ साहू भी मौजूद है, जिनकी उपस्थिति में कार्य किया जा रहा है। वहीं इस दौरान नगर पंचायत पवनी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलदीपक साहू और नवनिर्वाचित पार्षद वार्ड 7 के नंदकुमार साहू ने भी इस कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी मजीद खान, नगर पंचायत पवनी के कर्मचारियों में खिलेश साहू, वेद प्रकाश विश्वकर्मा, भवानी साहू तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### वर्षों से बीएसएनएल ...

जाने के चलते यह चारों ओर से बबूल की झाड़ियों से घिर चुका है। वहीं लाखों की लागत से तैयार किया गया भवन भी खस्ताहाल है। उपभोक्ताओं ने जल्द से जल्द टावर को दुरुस्त करवाने की मांग की है, ताकि नेटवर्क की समस्या से निजात मिल सके।



## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैंप 5 को, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में 5 मार्च 2025 को प्रस्तावित प्लेसमेंट कैंप में एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित बैंकों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें आईसीआईसीआई बैंक एवं एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के क्रमशः 20 एवं 10 पदों के लिए तथा एचडीएफसी बैंक में वर्चुअल रिलेशनशिप मैनेजर के 10 पदों के लिए 10वीं, 12वीं एवं स्नातक में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आवेदक पात्र होंगे।

### असंग साहेब का कार्यक्रम स्थगित

**महासमुंद।** बीटीआई रोड बिजली आफिस के बाजू में 3 मार्च को आयोजित सुखद सत्संग (असंग साहेब) का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी नंदकुमार साहू ने दी।

### वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कल

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज के अतर्गत ग्राम राटापाली में 2 मार्च रविवार को शाकंभरी महोत्सव व वार्षिक सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में मरार समाज के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच, पंच के अलावा समाज के प्रतिभावन छात्र-छात्राओं, कक्षा दसवीं और बाहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही वार्षिक लेखा जोखा में आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरूषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज करेंगे। विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 25 से लोचन पटेल एवं अति विशिष्ट अतिथि में जनपद सदस्य लता कुम्हार एवं स्थानीय सरपंच ग्रा पं पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी एवं ग्राम पंचायत परकोम के नवनिर्वाचित सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल होंगे। उक्ताशय की जानकारी मरार समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने दी है।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाला विजयी जुलूस



**बिरकोनी।** जिले के ग्राम बड़गांव में नवनिर्वाचित सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव ने पंचों व समर्थकों के साथ गुरुवार शाम विजय जुलूस निकाला। जिसमें सरपंच व पंचों ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। बता दें कि नवनिर्वाचित सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव ने षटकोणीय मुकाबले में एकतरफा जीत हासिल की है। इस जुलूस में सरपंच के अलावा पंच सीमा निषाद, नारद निषाद, ललित निषाद, उमेश्वरी चक्रधारी, पीतांबर निषाद, मनोज चक्रधारी, टिकेश्वरी चक्रधारी, युवराज निषाद, ललिता निषाद, दानी निषाद, लोकेश्वरी निर्मलकर, गजेंद्र निषाद, किरण यादव, दशोदा पटेल, भोज निषाद, केशरी निषाद, लीलाबती निषाद, राजकुमारी निषाद के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर मिथलेश निषाद, भुवन निषाद, खम्भन यादव, मिलन चक्रधारी आदि मौजूद रहे।

# लाल बहादुर स्कूल में वाटर कूलर और सिंटेक्स टंकी का किया गया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 28 फरवरी को छात्रों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर और सिंटेक्स टंकी का लोकार्पण संकुल प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्य अतिथि गण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन एवं संकुल समन्वयक मुकेश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधान पाठक शत्रुहन कुमार डहरिया ने बताया की विगत दिनों हमारे निवेदन पर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी राजेश इदवानी द्वारा वाटर कूलर और स्मार्ट टीवी संस्था को भेंट किए थे। अतिथियों द्वारा शाला के उत्तरोत्तर विकास के लिए समर्पित प्रधान पाठक एवं समस्त स्टाफ की प्रशंसा इस बात के लिए किए की विगत ढाई साल में शाला को सामुदायिक सहयोग से लगभग 10 लाख की विभिन्न सहायता सामग्री प्राप्त हुई है। प्रधानपाठक ने कहा कि समुदाय के सहयोग से हमने समस्याओं को चुनौती के रूप में स्वीकार कर इसे अवसर में बदला जैसे छत से बरसात में पानी टपकता था जिसे सामुदायिक सहयोग से दो कमरे और एक हाल के छत की मरम्मत करायी। पुराने भवन का डिस्मेंटल से बचे मलमा से मंच निर्माण करवाया गया, जो बच्चे मध्यान भोजन के लिए थाली का सहयोग लिए।

## सामाजिक जनसहयोग से प्राथमिक स्कूल बना सर्वसुविधायुक्त

### 5 लाख की कुर्सी टेबल प्राप्त हुआ

लगभग डेढ़ लाख का जिम का सामान झूला आदि लिए। बालवाड़ी के बच्चों के लिए शासन से कुर्सी-टेबल मिला, लेकिन कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे जमीन में बैठते थे, जिसे चुनौती के रूप में लेते हुए अलग-अलग लोगों से संपर्क कर लगभग 5 लाख की कुर्सी टेबल प्राप्त किए। किचन गार्डन विकसित किए। आईसीटी की कमी को दूर करते हुए स्मार्ट टीवी और स्वच्छ पेयजल के लिए वाटर कूलर सामुदायिक सहयोग से प्राप्त किया। इसके अलावा और भी छोटे छोटे सहयोग बच्चों के लिए प्राप्त किए।



### इनका रहा योगदान

शाला की प्रगति में योगदान करने के लिए समस्त दानदाताओं का शाला परिवार की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए शत्रुहन डहरिया ने कहा कि नए सत्र में फिर से सामुदायिक सहयोग से और भी कार्य किए जाएंगे। इस नेक कार्य में वाटर कूलर को इंस्टाल करने में शिक्षकगण प्रमोद कुमार वर्मा 1050 रूपये, वीरेंद्र कुमार मानसरोवर 5000 रूपये, बंशीलाल चौहान 2500 रूपये, शत्रुहन डहरिया 2850 रूपये का सहयोग करते हुए छात्रहित में योगदान किए। शाला विकास में सविता सोनकर शहीद वीर नारायण की प्रधानाध्यापिका राजकुमारी साहू रिटायर्ड प्रधान पाठिका जानकी फूटान, रितु प्रिया निहाला, शत्रुघ्न कुर्रे आदि का भी सराहनीय योगदान है।

## नगरवासी घरों में वाटर प्यूरीफायर लगवाने व बोतलबंद पेयजल खरीदने मजबूर

# नगर में वर्षों से वाटर एटीएम बंद, गर्मी प्रारंभ होने पर भी नहीं किए गए चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए नगरपालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से नगर के मुख्य मार्ग पर नये बस स्टैण्ड के समीप व जनपद पंचायत कार्यालय के सामने वाटर एटीएम स्थापित कराया गया है, लेकिन चंद महीनों बाद भी दोनों वाटर एटीएम बंद पड़े हुए हैं, जबकि नगरपालिका द्वारा वाटर एटीएम स्थापित करने व संचालन करने तथा बिजली बिल के रूप में लाखों रूपये का भुगतान किया जा चुका है। नगरवासियों व राहगिरों की प्यास बूझाने की बजाय शो–पीस दिखाई देने वाले वाटर एटीएम के बंद होने की शिकायत करने पर नगरपालिका द्वारा ठेकेदार को सूचित करने व उसके खिलाफ कार्रवाई किये जाने की जानकारी दी जाती रही है, लेकिन शिकायत मिलने पर नगरपालिका अधिकारी के पत्र व्यवहार व निर्देश का पालन नहीं करने वाले संबंधित ठेकेदार के आगे नगरपालिका भी बेबस दिखाई पड़ती है।




### लोगों की निगाहें जिला प्रशासन पर

नगर में किये जाने वाले जल आपूर्ति की शुद्धता पर संदेह और नलकूपों से निकलने वाले खारे पानी की समस्या के बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा समय रहते इस समस्या से निपटने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। लोगों को सस्ते दर पर शुद्ध जल उपलब्ध कराने लाखों रूपये की लागत से स्थापित वाटर एटीएम के बंद पड़े रहने से नगरवासियों में आक्रोश पनप रहा है तथा इस समस्या से निजात पाने के लिए लोगों की निगाहें अब जिला प्रशासन पर लगी हुई है।

### गर्मी की दस्तक शुरू लेकिन वाटर एटीएम बंद

मार्च माह की शुरूवात होने के साथ तापमान बढ़ने लगा है। वहीं नगर में तेजी से भू–जल स्तर गिरने से जल संकट गहराने लगा है, लेकिन बंद पड़े वाटर एटीएम का लेकर अभी तक जिम्मेदार विभाग व अधिकारी द्वारा किसी प्रकार की पहल शुरू नहीं की गई है। इससे इस वर्ष भी गर्मी के दौरान लोगों को कम कीमत में शुद्ध पेय जल मिलने की संभावना नजर नहीं आ रही है। गौरतलब है कि बलौदाबाजार जिला में खनिज के रूप में चूना पत्थर का विशाल भण्डार होने के कारण यहां भू–जल में चूना की मात्रा मानक स्तर से अत्यधिक होने के कारण लोगों को कई तरह की बीमारीयों चपेट में ले लेती है। पानी में चूना की अधिक मात्रा होने के कारण इससे नहाने से बाल झड़ने की शिकायत भी मिली है।

# साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह में शामिल होने डिप्टी सीएम अरुण साव को निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

तहसील साहू संघ पलारी, परिक्षेत्र रोहासी, भवानीपुर और दतान के तत्वावधान में 10 मार्च को भवानीपुर में सामूहिक आदर्श विवाह का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष व कसडोल विधायक संदीप साहू, जिला अध्यक्ष सुनील साहू सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है और आयोजन समिति इसे भव्य और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में साहू समाज के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को विशेष रूप से इस आयोजन में आमंत्रित किया है। इस आयोजन में बलौदाबाजार जिले के विभिन्न परिक्षेत्र के पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भवानीपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष मनहरण लाल साहू, रोहासी परिक्षेत्र अध्यक्ष सीताराम साहू, भवानीपुर परिक्षेत्र उपाध्यक्ष प्रेमलाल साहू, संगठन मंत्री कौशलेश किशोर साहू, चूड़ामणी साहू, कोषाध्यक्ष डोमलन लाल साहू, अंकेक्षक हेमंत कुमार साहू और मीडिया प्रभारी हेमकुमार साहू सहित अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। सामूहिक विवाह का उद्देश्य समाज में सरल और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है, जिससे अनावश्यक खर्च को कम किया जा सके और समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, वर–वधू के परिवारजन और आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोनाटार में लंबे समय से खुलेआम बिक रही अवैध शराब की बिक्री कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है। गांव में 5 से 6 जगहों पर खुलेआम हो रही अवैध शराब की बिक्री से जहां गांव में माहौल खराब हो रहा है, वहीं युवा पीढ़ी नशे की लत की आदि होते जा रही है। इससे कई परिवार उजड़ने की कगार पर है। ऐसा भी नहीं की गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब के कारोबार की जानकारी आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन को न हो, किंतु जानकारी के बावजूद भी अवैध शराब की बिक्री पर लगाम न लगने से आबकारी और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में खड़ी होती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों एवं भारत माता वाहिनी समूह की महिलाओं ने गांव में बिक रही अवैध शराब को बंद कराने को लेकर जिला पंचायत के पूर्व सभापति मुरारी मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन को भी अवगत करा चुके हैं, उसके बावजूद शराब बिक्री बंद होने के बजाय और अधिक धड़ल्ले से बिक रही है।

- बिक्री के लिए सुबह से शुरू हो जाती है दुकान, इससे हर वर्ग है परेशान

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत टोनाटार में लंबे समय से चार पांच शराब कोचियों द्वारा खुलेआम लोगों को शराब परोसा जा रहा हैं। आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की निक्रियता के चलते नरवा पारा जैतखाम चौक प्रवेश द्वार के पास सरकारी कुआं के पास बगबुढ़वा तालाब के पास शराब कोचियों द्वारा अवैध कारनामे को अंजाम दिया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रवेश द्वार के पास सुबह चार से पांच बजे के आसपास होटल खुल जाती है और इसी होटल के पास ही एक शराब कोचिया द्वारा शराब बेची जाती है। तड़के सुबह से ही इसी होटल के पास शराबियों का जमावड़ा रहता है। तड़के सुबह से होटल खोलना और शराबियों का जमावड़ा होना कई संदेह को जन्म देता है। इसी तरह का हाल सरकारी कुआं के पास रहता है जो शाम के वक्त शराबियों की भारी भीड़ इकट्ठा रहती है। वहीं अन्य जगहों पर भी खुलेआम शराब की अवैध बिक्री लंबे समय से हो रही है।

### कार्रवाई के अभाव में कोचियों का हौसला बुलंद



कार्रवाई के अभाव में ही शराब कोचियों का हौसला बुलंद है, जिससे गांव में अपराध और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बैठक कर अवैध कारोबारियों को मना करने व दंडित करने के बाद भी इनके द्वारा पुलिस को अपने जेब में रखने की बात कहने से भी नहीं चुकते। महिलाओं का कहना है कि गांव में युवा वर्ग नशे की लत से अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं लोग सुबह से ही नशे में चूर रहते हैं, जिससे कई घरों को आर्थिक संकट से जुझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में भाटापारा ग्रामीण थाना प्रभारी लखेश केवट ने कहा कि अवैध कारोबार करने वाले बक्से नहीं जाएंगे। कार्रवाई हो रही हैं और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का हुआ परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम पंचायत केशला में नव निर्वाचित सरपंच मया कुमार वंशे के साधिन्य में 20 वार्डों के समस्त निर्वाचित पंचों, सरपंच का सामान्य परिचय सम्मेलन का आयोजन पंचायत भवन केशला में हुआ। इसमें ग्राम सचिव द्वारा समस्त नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का श्रीफल, मिठाई एवं तिलक लगाकर स्वागत किया और कहा कि सभी एक साथ मिलकर गांव के विकास को प्रथम कार्य समझ कर आगे बढ़े, जिसमें सभी में अपनी सहमति जताई और धन्यवाद प्रेषित किया। समस्त प्रतिनिधियों द्वारा गांव के समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से पानी और नाली सफाई थी। इस पर नवनिर्वाचित सरपंच मया ने कहा शपथ ग्रहण के बाद सभी समस्याओं का समाधान ही हमारा मुख्य कार्य होगा। सामान्य चर्चा में 8 मार्च को होने वाले उपसरपंच चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई, कौन दावेदारी कर रहा है, जिसमें चंद्रशेखर देवांगन पंच वार्ड 6, हेमंत देवांगन पंच वार्ड 5, किरण नशीने पंच वार्ड 20, छबि नशीने पंच वार्ड 19 इन सभी ने क्रमशः अपनी दावेदारी का निवेदन किया, जिसमें समस्त पंच, सचिव, ग्राम सहायक उपस्थित थे।

### राजेंद्र संडी बंगला के निर्विरोध उपसरपंच



**संडी-बंगला।** जनपद पंचायत पलारी के ग्राम मुडपार संडी बंगला में राजेंद्र मनहरे को 17 पंचों के सर्व सहमति से निर्विरोध उपसरपंच बनाया गया। ग्राम पंचायत मुडपार संडी के सरपंच टामिन साहू ने कहा गांव के विकास के लिए समन्वय बनाकर चलना होगा, जिससे गांव विकास की ओर गति करेगा। वहीं नवनिर्वाचित उपसपंच राजेंद्र मनहरे के कहा कि सभी 17 पंचों एवं गांव के वरिष्ठजनों को के आशीर्वाद से मैं पुनः एक बार उपसरपंच बना हूं। मैं सबको विश्वास दिलाता हूं कि फिर एक बार मिलकर फिर से विकास करेंगे। इस अवसर पर सरपंच टामिन साहू, राजेश वर्मा, महेंद्र चेरियन, मुरली साहू, चेतन साहू, मोहन चेरियन, अजय मारकंडे, कमलेश वर्मा, सत्यप्रकाश चेलक, संदीप टंडन, गणेशू गायकवाड़, लक्ष्मीनाथ साहू, अमर टंडन, विक्की वर्मा, हिमाशु वर्मा हरबंश साहू, नोहर वर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### राजीव लोचन बने धोबनी के सरपंच, ग्रामीणों का जताया आभार



**पवनी।** ग्राम पंचायत धोबनी में हुए सरपंच चुनाव में राजीव लोचन साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हरिहर साहू को 468 वोटों से हराकर सरपंच पद पर कब्जा किया। कुल 1405 में से राजीव लोचन साहू को 926 वोट व हरिहर साहू को 458 तथा 21 वोट रिजेक्ट हुआ। जीत के बाद उन्होंने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए गांव के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया। उनकी जीत के उपलक्ष्य में गांव में जश्न का माहौल बना रहा। योगेश्वर साहू, लोचन साहू, हरीश साहू, पुरुषोत्तम, भनेशर, भूपेंद्र साहू, भुवनेश्वर, अरुण मानिकपुरी, अशोक मानिकपुरी एवं नवनिर्वाचित पंचो के साथ समर्थकों ने ढोल–नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला और मिठाइयां बांटी। साथ ही आतिशबाजी की गई और रंग–गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। राजीव लोचन साहू ने कहा कि यह जीत पूरे गांव की है। मैं सभी को साथ लेकर गांव को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगा। हमारा उद्देश्य गांव को सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से सशक्त बनाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल आपूर्ति, अच्छी सड़कों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## जिले में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पंचायत (उपसरपंच, अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के नियम 6 के तहत महासमुंद जिले की जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रभारी कलेक्टर सच्चिदानंद आलोक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले की सभी जनपद पंचायतों मुं नामित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्वाचन 4 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में आयोजित होगा। नियुक्त अधिकारियों की सूची अनुसार जनपद पंचायत महासमुंद में पीठासीन अधिकारी हरिशंकर पैकरा (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व), सहायक पीठासीन अधिकारी कृष्ण कुमार साहू (तहसीलदार), जनपद पंचायत बागबाहरा में पीठासीन अधिकारी उमेश कुमार साहू (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जुगल किशोर पटेल (तहसीलदार), जनपद पंचायत पिथौरा में पीठासीन अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी नितिन ठाकुर (तहसीलदार), जनपद पंचायत बसना में पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार खांडे (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी ममता ठाकुर (तहसीलदार) और जनपद पंचायत सरायपाली में पीठासीन अधिकारी नम्रता चौबे (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी श्रीधर पंडा (तहसीलदार) होंगे। यह निर्वाचन प्रक्रिया पंचायत प्रणाली में नेतृत्व चयन के लिए महत्वपूर्ण है। निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।





